नर सेवा

नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी



मनेरी

गंगोत्री धाम



धर्मावाला

पौंटा साहिब

## वार्षिक वृतांत
## अप्रैल 2021-मार्च 2022

### सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः



बड़कोट

यमुनोत्री धाम



पेटशाल

जागेश्वर धाम

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

ॐ नर सेवा नारायण सेवा ॐ



नारायण कोटी

श्री केदारनाथ धाम



हरिद्वार

हर की पौड़ी, हरिद्वार

**हमारा लक्ष्य (MISSION)**

" पिछड़े, पहाड़ी, ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों व तीर्थस्थलों में उपेक्षित और शोषित वर्ग तथा तीर्थयात्रियों की सेवा करके मातृभूमि की वंदना करना और उन्हें चिकित्सीय सुविधा, शिक्षा और सामाजिक सुदृढ़ता प्रदान करना"

**हमारी संदृष्टि (VISION)**

"जनजातीय, निर्धन, उपेक्षित व सामाजिक रूप से वंचित / अशक्त और अन्य पिछड़े वर्ग का सम्पूर्ण विकास"



पीपलकोटी


श्री बद्रीनाथ धाम



साधना केंद्र आश्रम, विकासनगर

डुमेट, विकासनगर

आगामी प्रकल्प
केशव माधव चिकित्सालय,
वृन्दावन, ब्रजधाम



श्री कृष्ण जन्मभूमि, मथुरा

## संपादक की कलम से:

बीता हुआ वर्ष सोसाइटी के लिए उपलब्धियां से परिपूर्ण एवं गौरवान्वित करने वाला रहा और सोसाइटी ने नए कीर्तिमानों एवं अभिनव प्रकल्पों के साथ अपने नर सेवा नारायण सेवा के ध्येय को और सुदृढ़ किया।

वर्ष की अंतिम तिमाही में जब वृन्दावन की पवित्र भूमि पर सोसाइटी के १२वें चिकित्सालय की आधारशिला रखी गयी तो यह वो ऐतिहासिक और अनमोल क्षण था जिसकी परिकल्पना हमारे अभिभावकों एवं अग्रजों ने की थी।

सोसाइटी ने अब उत्तराखण्ड राज्य की परिधि से परे अपने पंख पसार लिए हैं और उसके इस पुनीत प्रयास में दैवीय कृपा भी प्राप्त हो रही है।

इसी क्रम में पावन गंगोत्री धाम में अपना १०वां चिकित्सालय मानवता के लिए समर्पित कर सोसाइटी सभी चार धामों में आधुनिक चिकित्सीय सेवाएँ स्थापित करने के अपने ध्येय के और निकट पहुँच गई, ज्ञात हो की सोसाइटी द्वारा श्री बद्रीनाथ धाम एवं श्री केदारनाथ धाम में २०१९ से ही आधुनिक ICU युक्त चिकित्सालय स्थापित किये जा चुके हैं। सेवा पथ पर अग्रसर सोसाइटी ने दिसम्बर माह में विकासनगर, देहरादून पर स्थित साधना केंद्र आश्रम, डुमेट के चिकित्सालय का संचालन स्वामी उदासीनाचार्य श्रीचंद्र जी के आग्रह पर अपने हाथों में ले लिया और ये सोसाइटी का ११वां चिकित्सालय बन गया।

वर्ष की प्रथम तिमाही में कोविड की दूसरी लहर मानव जाति के लिए बड़ी त्रासदी बन कर आई। देश भर के चिकित्सालयों में कोविड पीड़ित रोगियों की भरमार देखी गई। सोसाइटी ने दूसरी लहर में तत्परता दिखाते हुए अपने चार चिकित्सालयों को कोविड से पीड़ित रोगियों के उपचार के लिए परिवर्तित कर दिया और साथ ही स्वास्थ्य टोलियाँ गठित कर सुदूर दुर्गम कोविड प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सा शिविरों को आयोजित कर अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

सोसाइटी के सेवामय इतिहास में एक और नवीन अध्याय प्रारम्भ हुआ जब सेवा इंटरनेशनल के सौजन्य से धर्मावाला चिकित्सालय में २५० एलपीएम क्षमता वाले ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र ने कार्य करना शुरु कर दिया।

पीपलकोटी चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड सुविधा की शुरुआत होना एक अन्य उपलब्धि रही और इस प्रकार की सुविधा देने वाला सोसाइटी का यह तीसरा चिकित्सालय बन गया।
धर्मावाला चिकित्सालय में रीढ़ की हड्डी के रोगियों के लिए ओपीडी व सर्जरी की शुरुआत कर सोसाइटी ने एक ऐसी सुविधा उपलब्ध करा दी जो की सामाजिक व आर्थिक रूप से अशक्त वर्ग की पहुँच से काफी दूर होती है।

सोसाइटी ने अपना प्रथम वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित कर एक और अध्याय इतिहास के पन्नों में जोड़ लिया।

सोसाइटी के चिकित्सालयों द्वारा दी जा रही सेवाओं और सुविधाओं ने भी नए शिखरों को छुआ जिनमे की पंजीकरण, अल्ट्रासाउंड स्कैन, लेवल II गर्भावस्था स्कैन, सीटी स्कैन, लैब की जाँचें इत्यादि सब अभी तक के उच्चतम  स्तर पर थे।

इस वर्ष की एक अनूठी उपलब्धि थी, जब हमारी पीपलकोटी चिकित्सालय की टीम दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र और खतरनाक मार्गों से होते हुए १२ किमी दूर एक सुदूर पहाड़ी गाँव 'किमाना' में स्वास्थ्य शिविर के लिए पहुंची, ग्रामवासियों के अनुसार यह एक ऐसा क्षेत्र था जहां की स्वतंत्रता के बाद से अभी तक किसी भी स्वास्थ्य टीम ने कदम नहीं रखा था।

सोसाइटी ने स्वामी विवेकानन्द जयंती के शुभ अवसर पर घर घर जाकर एक "जन संपर्क अभियान" चलाया, जिसका मुख्य उद्देश्य सोसाइटी की संदृष्टि और लक्ष्य के बारे में तथा चिकित्सालयों द्वारा दी जा रही सेवाओं और सुविधाओं के बारे में भी समुदाय को अवगत कराना था और उनसे हमारी सेवाओं से सम्बंधित प्रतिक्रिया भी लेना था। अभियान को जन समुदाय द्वारा प्राप्त हुआ अपार समर्थन इस बात को प्रमाणित करता है कि सोसाइटी के चिकित्सालयों में उनका अटूट विश्वास है और यह हमें और अधिक मेहनत करने के प्रेरित भी करता है।

आने वाले नूतन वर्ष में भी सोसाइटी अपने निःस्वार्थ सेवा के मार्ग पर सदैव अग्रसर रहेगी और आप सभी का स्नेह एवं आशीर्वाद प्राप्त करती रहेगी।

## लोकः समस्ताः सुखिनो भवन्तु

# अंक विशेष

04 हमारे चिकित्सालयों की श्रृंखला

05 प्रमुख उपलब्धियां

06-07 नवीन सुविधाएं

08-09 उल्लेखनीय गतिविधियाँ

10 कोविड वैश्विक महामारी के समय सोसाइटी के द्वारा किये गये कार्य

11 जन सम्पर्क अभियान

12 धर्मावाला चिकित्सालय के कुछ नए शिखर

13-16 मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर

17 स्पेशियलिटी शिविर

18 सामुदायिक चिकित्सा शिविर

19 सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

20 समारोह एवं पर्व

21-22 आंकड़े

23 सोसाइटी की प्रबंधन समिति एवं वित्तीय विवरण

24 भावी परियोजनाएं

25 हमारे सहयोगी संगठन

26-27 सोसाइटी के गौरव

# हमारे चिकित्सालयों की श्रृंखला




"अपने लक्ष्यों को अपनी क्षमताओं के स्तर तक कम न करें।
इसके बजाय, अपनी क्षमताओं को
अपने लक्ष्यों की ऊंचाई तक बढ़ाएं।"

- स्वामी विवेकानन्द



https://twitter.com/svhmuk
https://www.facebook.com/svhmu

https://svhmuk.in
svhmuk@gmail.com

B-207, पैसिफिक एस्टेट
वसंत विहार
देहरादून - 248 006

# प्रमुख उपलब्धियां



## सोसाइटी का 10वां चिकित्सालय

चिकित्सालय की शुरुआत 29 सितम्बर 2021 को ईशावास्यम आश्रम, गंगोत्री धाम के पूजनीय स्वामी राघवेन्द्रानंद जी, सोसाइटी के सचिव डॉ अनुज सिंघल जी, मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं अन्य जनों की पावन उपस्थिति में हुआ। गंगोत्री धाम में स्थापित यह 12 बेड वाला चिकित्सालय आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है एवं यात्रा के समय सतत दिन रात पूरी तरह से नि:शुल्क सेवाएँ प्रदान करता है। चिकित्सालय में Fully equipped ICU, इमरजेंसी, डिजिटल एक्स-रे, ई.सी.जी, लेबोरेटरी, फार्मेसी, पुरुष और महिला वार्ड इत्यादि सुविधाएं उपलब्ध है।

29 सितम्बर




स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ चिकित्सालय, गंगोत्री धाम, उत्तरकाशी

## सोसाइटी का 11वां चिकित्सालय

पूजनीय श्रीचंद्र स्वामी उदासीनाचार्य जी के आग्रह पर, सोसाइटी ने 10 दिसंबर 2021 से साधना केंद्र आश्रम, डुमेट, विकासनगर, देहरादून स्थित उदासीनाचार्य श्रीचंद्र चैरिटेबल स्वास्थ्य केंद्र का संचालन अपनी देख रेख में लिया।

आश्रम आध्यात्मिक गतिविधियों के अतिरिक्त कई तरह से निर्धनों और जरूरतमंदों की सेवा करता रहा है, खासकर शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में। आश्रम एक धर्मार्थ विद्यालय के साथ साथ नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सहायता और राहत, निर्धनों के लिए घरों की मरम्मत और निर्माण कार्य, सार्वजनिक उपयोगिता कार्यों, जरूरतमंदों को वित्तीय सहायता जैसी कई धर्मार्थ गतिविधियाँ करता है।

यह आश्रम नियमित रूप से सोसाइटी के स्वास्थ्य परियोजनाओं में भी सहयोग करता रहा है। इस स्वास्थ्य केंद्र में एक जनरल ओ.पी.डी., एक दंत विभाग, लैब जांचे और नि:शुल्क फार्मेसी की सुविधा उपलब्ध है।

10 दिसम्बर




साधना केंद्र आश्रम का उदासीनाचार्य श्रीचंद्र चैरिटेबल स्वास्थ्य केंद्र

## ३०० शैय्या युक्त सोसाइटी के १२वें चिकित्सालय का भूमि पूजन

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के लक्ष्य को परिभाषित करता वृन्दावन ब्रजधाम की पावन धरती पर उनका 12वां प्रकल्प "केशव माधव चिकित्सालय" का भूमि पूजन दिनांक 27 मार्च 2022 को विधिवत वैदिक रीति व विधि विधानों के साथ संपन्न हुआ।

यह सुपर स्पेशलिटी धर्मार्थ चिकित्सालय अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा एवं साधु-संतों, विधवाओं एवं आर्थिक व सामाजिक रुप से अशक्त व्यक्तियों के लिए पूर्णत: नि:शुल्क रहेगा। चिकित्सा के उच्चतम मापदंडों को छूता, यह चिकित्सालय स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के ध्येय वाक्य "नर सेवा नारायण सेवा" को यथावत रख अपने अन्य चिकित्सालयों की तरह निस्वार्थ सेवा भाव से परिपूर्ण होगा।

27 मार्च






मंचासीन मुख्य अतिथिगण : (बाएं से दाएं)
डॉ स्वामी रामेश्वरानंद जी महाराज; संत श्री विजय कौशल जी महाराज; महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी गुरुशरणानंद जी महाराज; श्री दत्तात्रेय होसबले जी (सरकार्यवाह, RSS);
पूज्य श्री भोले जी महाराज और पूज्य माता श्री मंगला जी (द हंस फाउंडेशन);
सुश्री हेमा मालिनी जी; श्री नारायण दास अग्रवाल जी (कुलपति-GLA विश्वविद्यालय, मथुरा)।



# नवीन सुविधाएं

## 1 ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट (250 एलपीएम क्षमता)

19 सितम्बर - धर्मावाला



परम पूजनीय स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि जी महाराज (सूरत गिरि बंगला आश्रम, हरिद्वार) द्वारा लोकार्पण

धर्मावाला चिकित्सालय में सेवा इंटरनेशनल, ऑस्ट्रेलिया शाखा के सहयोग से स्थापित ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट (250 LPM क्षमता) का उद्घाटन परम पूजनीय स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि जी महाराज (सूरत गिरि बंगला आश्रम, हरिद्वार) द्वारा किया गया।

## 2 अल्ट्रासाउंड सुविधा

19 नवम्बर - पीपलकोटी



पीपलकोटी चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड सुविधा का लोकार्पण

अल्ट्रासाउंड सुविधा का शुभारंभ कर पीपलकोटी चिकित्सालय ने अपने इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ लिया है, जो की इस सुदूर क्षेत्र व आस पास की जनता के लिए वरदान समान साबित हो रहा है।

अल्ट्रासाउंड सुविधा का उद्घाटन श्री धनीराम जी (क्षेत्रीय सेवा प्रमुख, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), श्री महेंद्र भट्ट (विधायक, श्री बद्रीनाथ जी विधान सभा), डॉ अनुज सिंघल जी (सचिव, SVHM सोसाइटी) व अन्य गणमान्य व्यक्तियों की पावन उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## 3 पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी ओ.पी.डी एवं ऑपरेशन की सुविधा का शुभारम्भ

20 फरवरी - हरिद्वार



डॉ योगेश साठे - बाल हृदय रोग विशेषज्ञ, पलवल
2-D ECHO करते हुए

सोसाइटी ने "श्री सत्य साई संजीवनी इंटरनेशनल सेंटर फॉर चाइल्ड हार्ट केयर एंड रिसर्च, पलवल, हरियाणा" के साथ मिलकर निःशुल्क बाल हृदय रोग ओ.पी.डी. और ऑपरेशन की सुविधा की शुरुआत की है।

प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को सोसाइटी के हरिद्वार चिकित्सालय में डॉ योगेश साठे जो की "श्री सत्य साई सेंटर, पलवल" में बाल हृदय रोग विभाग के प्रमुख हैं के द्वारा निःशुल्क पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी ओ.पी.डी. आयोजित की जा रही है और साथ ही सोसाइटी के चिकित्सालयों द्वारा रेफर किए गए किसी भी रोगी का उनके केंद्र में निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा भी प्रारम्भ हो गई है ।

## 4 "धर्मावाला चिकित्सालय में रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन शुरू"

27 फरवरी - धर्मावाला



डॉ तेजस्वी अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. (ऑर्थो) Spine सर्जन

धर्मावाला चिकित्सालय जैसे दूरस्थ स्थान पर रीढ़ की हड्डी से सम्बंधित रोगों की ओ.पी.डी. के साथ-साथ उसके ऑपरेशन सुविधा की शुरुआत कर सोसाइटी द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों में एक नया अध्याय उदयमान किया है।

धर्मावाला चिकित्सालय में अन्य चिकित्सालयों की तुलना में रीढ़ के हड्डी के ऑपरेशन का खर्च कुल लागत का 5 - 10% ही होता है। यह किसी भी अन्य चिकित्सालय की तुलना में नगण्य है | निम्न व मध्यम वर्ग के रोगियों के लिए यह सुविधा वरदान समान साबित हो रही है।

# नवीन सुविधाएं



3 अप्रैल - धर्मावाला






## 5 कोविड टीकाकरण और परीक्षण केंद्र

धर्मावाला चिकित्सालय में कोविड के दोनों टीके, कोविशील्ड और कोवैक्सीन लगाये जा रहे है और साथ ही रैपिड एंटीजन टेस्ट (RAT) की भी सुविधा उपलब्ध है । यह सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं ।

## 6 टेली चिकित्सा हेल्पलाइन शुरू की गई

सोसाइटी के अनुभवी और वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा रोगियों को टेली परामर्श प्रदान करने के लिए निःशुल्क टेली चिकित्सा हेल्पलाइन शुरू की गई । इस सुविधा से उन लोगो तक लाभ पहुंच रहा है जो वृद्ध हैं अथवा किसी भी कारणवश चिकित्सालय तक आने में असमर्थ हैं ।

6 अगस्त - धर्मावाला




30 अगस्त - धर्मावाला



## 7 लैब में FUJI FILM DRI - HEM NX 600 मशीन स्थापित हुई

धर्मावाला चिकित्सालय के लैब में नयी डायग्नोस्टिक मशीन लगायी गई जो :

- प्रति घंटे 128 samples की प्रोसेसिंग करती है।
- 100% सटीक है।
- विभिन्न जांचें जैसे की LFT, KFT, Lipid Profile इत्यादि को एक साथ किया जाता है।

## 8 नया आपातकालीन एवं फिजियोथेरेपी विभाग

महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश जी महाराज, माननीय श्री सुधीर जी (अखिल भारतीय संगठन मंत्री, राष्ट्रीय सेवा भारती) और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में दो नए विभाग, आपातकालीन एवं फिजियोथेरेपी का उद्घाटन हरिद्वार चिकित्सालय में हुआ।

21 सितम्बर - हरिद्वार





1 अक्टूबर- धर्मावाला



## 9 मनोरोग ओ.पी.डी. (टेली कंसल्टेशन) :

धर्मावाला चिकित्सालय में दैनिक मानसिक स्वास्थ्य ओ.पी.डी. शुरू कर दी गई है । चिकित्सालय की मनोविज्ञानी डॉ शालिनी, दैनिक रूप से डॉ सागर लवानिया (प्रो. एवं एच.ओ.डी., एफ.एच. मेडिकल कॉलेज, आगरा) से टेली कंसल्टेशन कर रोगियों के आवश्यकतानुसार परामर्श व उपचार में सहयोग कर रही है।

**मनोवैज्ञानिक परामर्श**

- मनोरोग ओ.पी.डी. (टेली कंसल्टेशन): 310 (अक्टूबर - मार्च)
- जीवन शैली से सम्बंधित विकार : 1104
- मानसिक रोग (मनोरोग जाँच एवं परामर्श, मनोचिकित्सा सत्र) : 518
- ऑपरेशन से पहले एवं ऑपरेशन के बाद : 477

20 फरवरी - हरिद्वार



## 10 "बाल गोकुलम" का शुभारम्भ

SVHM शिक्षा अभियान के अंतर्गत "बाल गोकुलम" नामक एक नई पहल का उद्घाटन हरिद्वार चिकित्सालय में किया गया।

"इस कार्यक्रम का उदेश्य बच्चों को सनातन संस्कृति एवं संस्कारों को एक सरल तरीके से सिखाना और मानवता के प्रति सेवा की भावना को जागृत करना है।

# उल्लेखनीय गतिविधियां



**1 जुलाई: श्री बद्रीनाथ धाम**




**27 सितम्बर: श्री केदारनाथ धाम**




## श्री बद्रीनाथ एवं श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय, चारधाम यात्रा प्रारम्भ होते ही सेवार्थ समर्पित

**27 अक्टूबर: धर्मावाला**



श्री विपिन चंद्र जी, मुख्य आयुक्त (आयकर विभाग) ने किया धर्मावाला चिकित्सालय का भ्रमण।

**12 जनवरी: हरिद्वार**




स्वामी विवेकानन्द जी की 159वीं जयंती के इस पावन अवसर पर, सोसाइटी ने 2022 के लिए अपना प्रथम वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित किया। इस कैलेंडर में हमारे चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधाओं का भी उल्लेख है जिससे यह और अधिक जानकारी से पूर्ण और उपयोगी हो गया है।

**18 दिसम्बर: पेटशाल**




सोबन सिंह जीना राजकीय मेडिकल कॉलेज, अल्मोड़ा से दो डॉक्टर, डॉ हिमानी जेलखानी, नेत्र रोग विशेषज्ञ और डॉ प्रियांक गोयल, चेस्ट स्पेशलिस्ट सप्ताह में एक बार (शनिवार) पेटशाल चिकित्सालय में अपनी सेवायें दे रहे है।

**22 दिसम्बर: धर्मावाला**




डॉ मनोज वर्मा (जिला क्षय रोग अधिकारी, देहरादून) द्वारा "राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम" पर सत्र।




डॉ संजय शाह, वरिष्ठ चिकित्सक, स्वामी रामप्रकाश धर्मार्थ चिकित्सालय, हरिद्वार द्वारा विभिन्न विषयों पर 4 वेबिनार सत्र लिए गए। इन सत्रों में सोसाइटी के चिकित्सालयों के सभी डॉक्टरों ने भाग लिया।

**24 दिसम्बर: पेटशाल**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी: श्री पराग अभ्यंकर जी (अखिल भारतीय सेवा प्रमुख), श्री धनीराम जी (क्षेत्रीय सेवा प्रमुख), श्री पवन जी (प्रांत सेवा प्रमुख) और श्री इंद्रमोहन जी (विभाग प्रचारक) पेटशाल चिकित्सालय के प्रवास पर आये।

# उल्लेखनीय गतिविधियां



**शोक सभा** **19 मार्च: धर्मावाला**



धर्मावाला चिकित्सालय के समस्त स्टाफ ने स्वर्गीय श्री शशिकांत दीक्षित जी (क्षेत्रीय कार्यवाह, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं सोसाइटी के पालक अधिकारी) के दुखद निधन पर शोक सभा कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे श्री शशिकांत दीक्षित जी ने 17 मार्च 2022 को अंतिम सांस ली और इस दुनिया से विदा हो गए ।श्री शशिकांत दीक्षित जी ने कई बार धर्मावाला चिकित्सालय का प्रवास किया था और हमें अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन से अनुग्रहित किया था । सोसाइटी उनके इस सेवा भाव के लिए हमेशा कृतज्ञ रहेगी और हमारे अभिभावक के रूप में उनके योगदान के लिए सदैव ऋणी रहेगी।

**मोतियाबिंद ऑपरेशन** **धर्मावाला**




**हरिद्वार**



प्रत्येक मंगलवार को धर्मावाला चिकित्सालय में नेत्र रोग शिविर आयोजित किया जाता है, जिसमे की मोतियाबिंद के रोगियों को चिन्हित कर नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु विवेकानन्द नेत्रालय, देहरादून भेजा जाता है। ज्ञात हो की विवेकानन्द नेत्रालय के साथ धर्मावाला चिकित्सालय ने इस सुविधा हेतु अनुबंध किया हुआ है।
हरिद्वार चिकित्सालय में नेत्र रोग विभाग और ओ.टी. है जहाँ की नियमित मोतियाबिंद ऑपरेशन किये जा रहे हैं ।

**10 जनवरी: बाबूगढ़, विकासनगर**



डॉ ताराश्री सिंघल द्वारा सेवा प्रकल्प संस्थान की संचालिकाओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्तन और ग्रीवा कैंसर के कारणों, लक्षणों एवं बचाव से सम्बंधित एक जागरूकता सत्र लिया गया।

**नेत्र कुंभ केंद्र**

**16 मार्च - 16अप्रैल** **हरिद्वार**

**नि:शुल्क चश्मा वितरण: 1914**

**लाभार्थी: 2278**



महाकुंभ पर्व के पावन अवसर पर हरिद्वार चिकित्सालय द्वारा सक्षम संस्था के सहयोग से एक नेत्र कुंभ का आयोजन किया गया। चिकित्सालय में आयोजित हुए इस नेत्र कुंभ में साधु संतों एवं समाज के वंचित लोगों ने लाभ उठाया।

## वार्षिक खेल महोत्सव (क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, लूडो, कैरम और रस्साकशी)

**9 - 12 मार्च**



**धर्मावाला**



**हरिद्वार**





**विजेतागण - धर्मावाला**



**विजेतागण - हरिद्वार**

# कोविड वैश्विक महामारी के समय सोसाइटी के द्वारा किये गये कार्य

**सोसाइटी के समस्त चिकित्सालय कोविड की दूसरी लहर के समय पूर्णतः सेवाएं प्रदान करते रहे एवं सोसाइटी ने धर्मावाला, हरिद्वार, पीपलकोटी और नारायणकोटी के अपने चिकित्सालयों में कोविड पीड़ित रोगियों के उपचार की सुविधा भी शुरू कर दी।**

| | |
|---|---|
| कुल पंजीकरण | 154 |
| स्वस्थ हुए रोगी | 115 |
| कुल मृत्यु | 4 |
| रेफर | 35 |

**अप्रैल से जून 2021 तक कोविड से पीड़ित रोगियों के धर्मावाला चिकित्सालय में कुल 910 HRCT स्कैन किए गए।**

**ओ.पी.डी. में कोविड या कोविड जैसे लक्षणों से पीड़ित देखे गए रोगियों की कुल संख्या: 3567**




कोविड रोगी की जांच करते डॉक्टर




दैनिक "ॐ" मंत्र का उच्चारण व योगासन




कोविड वार्ड में भर्ती रोगी का उपचार करते हुए स्टाफ




कोविड वार्ड में भर्ती रोगी




कोविड रोगियों के लिए फिजियोथेरेपी सत्र



भोजन की बर्बादी से बचने के लिए स्टाफ के द्वारा स्वयं आवश्यकतानुसार भोजन परोसा गया

## सामुदायिक चिकित्सा शिविर

**पीपलकोटी, नारायणकोटी, पेटशाल एवं हरिद्वार**



पीपलकोटी

| शिविर | | लाभार्थी |
|---|---|---|
| 36 | अदम्य भावना एवं प्रयास - चिकित्सकीय सुविधाओं से वंचित आबादी तक पहुंचने की | 2537 |



प्रखंड जोशीमठ के सुदूर किमाणा गांव में पहली बार किसी मेडिकल टीम ने कोविड स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

इन सामुदायिक स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीण तथा चिकित्सालय तक आने में असमर्थ निर्धन व वंचित लोगो को चिकित्सा सुविधा प्रदान करना था एवं कोविड वैश्विक महामारी के कारण लोगों में उत्पन्न हुआ डर को दूर करना भी था।

**स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से COVID डायग्नोस्टिक टेस्ट (RAT और RT PCR) भी आयोजित किया गया था।**



नारायणकोटी



पेटशाल



हरिद्वार

## प्राथमिक स्थर की रोकथाम

### कोविड उपयुक्त व्यवहार सुनिश्चित करना

- मास्क का प्रयोग
- हाथों को नियमित रूप से साबुन से धोना
- हैण्ड सैनिटाइजर का नियमित उपयोग
- सामाजिक दूरी का पालन
- चिकित्सालय परिसर का नियमित विसंक्रमण
- हाथों को धोने के लिए अतिरिक्त वाश बेसिन लगाने का काम

### जागरूकता

- कोविड से बचाव सम्बंधित सामग्री का वितरण
- चिकित्सालय में प्रमुख स्थानों पर कोविड से बचाव सम्बंधित जानकारी के पोस्टर
- प्रत्येक स्टाफ द्वारा W.H.O. का ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स किया गया : उभरते श्वसन वायरस COVID-19 के सहित: पता लगाने, रोकथाम, प्रतिक्रिया और नियंत्रण के लिए तरीके वाला पाठ्यक्रम पूरा करवाया

### निः शुल्क कोविड टीकाकरण

- धर्मावाला बना एक निः शुल्क कोविड टीकाकरण केंद्र
- स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) को धर्मावाला चिकित्सालय में कोविड टीकाकरण हेतु जगह व अन्य सहयोग दिया गया
- SVHM चिकित्सालय के सभी स्टाफ को कोविड की दोनों डोज लगवाई गयी

## द्वितीयक स्तर की रोकथाम

### चिकित्सालय स्तर

- अलग फ्लू ओपीडी का संचालन जिसमे की फ्लू जैसे लक्षण वाले रोगियों को देखा गया
- समस्त स्टाफ का ड्यूटी आने पर व ड्यूटी से वापस जाने के समय उनके शरीर के तापमान और SPO2 स्तर की अनिवार्य जांच और अस्वस्थ होने की दशा में उपचार और अन्य सावधानियां

### समुदाय स्तर

- ग्रामीण व बाहरी शहरी क्षेत्रों में चिकित्सीय शिविरों का आयोजन
- कोविड उपयुक्त व्यवहार के बारे में इन शिविरों में जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए
- इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य शिक्षा एवं कोविड से सम्बंधित महत्वपूर्ण सन्देश व जानकारियाँ पर्चों के माध्यम से दी गई

### अन्य

- RTPCR टेस्ट करवाके जरूरतमंद रोगियों के ऑपरेशन प्रारम्भ किए गए
- सभी लैब जाचें होती रही
- सभी एक्स रे,अल्ट्रासाउंड व सी टी स्कैन भी चलते रहे

## तृतीयक स्तर की रोकथाम

### चिकित्सालय स्तर

- 4 चिकित्सालयों को कोविड रोगियों के इलाज के लिए परिवर्तित कर दिया गया
- समस्त चिकित्सालयों के ओपीडी और इमरजेंसी में कोविड / कोविड जैसे लक्षण वाले रोगी देखे जा रहे थे
- कोविड / कोविड जैसे लक्षण से सम्बंधित सभी लैब और अन्य आवश्यक जांचें जैसे की एक्स रे और सी टी स्कैन * भी नियमित की जा रही

### चिकित्सीय पुनर्वास

- कोविड से उभरने के बाद होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं की ओपीडी शुरू करी गई
- नियमित फिजियोथेरेपी
- कोविड से बचाव सम्बंधित जानकारी के जागरूकता सत्रों व स्वास्थ्य शिक्षा सत्रों का नियमित आयोजन
- पोस्टर व पर्चों के माध्यम से कोविड से बचाव सम्बंधित जानकारी का प्रसार

### अन्य कदम

- कोविड रोगियों के उपचार में समग्र (होलिस्टिक) पद्यति का उपयोग उदहारण के लिए नियमित ॐ का उच्चारण, प्रेरणादायक कथाएँ एवं पूर्णतः स्वस्थ होकर गए रोगियों के अनुभव और वृतान्त

# जन सम्पर्क अभियान






धर्मावाला

चिकित्सालय के प्रति रोगी की प्रतिक्रिया

12 जनवरी 2022 को स्वामी विवेकानन्द जयंती के शुभ अवसर पर, सोसाइटी ने अपने सभी चिकित्सालयों द्वारा घर-घर जाकर "जन संपर्क अभियान" की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य समुदाय को सोसाइटी के लक्ष्य और संदृष्टि के बारे में तथा चिकित्सालयों द्वारा दी जा रही सेवाओं और सुविधाओं से अवगत कराना था।


हमारे चिकित्सालयों की सुविधाओं के बारे में समुदाय की प्रतिक्रिया एकत्र करने और हमारी मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं को ओर सुदृढ़ एवं उनमे सुधार करने के लिए इस अभियान के द्वारा एक सार्थक प्रयास किया गया।

इस अभियान के दौरान, समुदाय ने हमारे स्टाफ का स्वागत किया और हमारे चिकित्सालय द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं और सेवाओं की भूरी भूरी प्रशंसा की। हमारे चिकित्सालय की टीम द्वारा उनके घर तक पहुंचने के प्रयासों के लिए सभी ने सहृदय आभार व्यक्त किया और बहुत से परिवार जिनमें की निर्धन भी थे, ने धन व अन्य वस्तुएं दान की।

**कुल भ्रमण किए गए गांव: 85**
**सम्पर्क किये गये कुल परिवारों की संख्या: 5292**

**चिकित्सालय के सन्दर्भ में जनमानस की प्रतिक्रिया:**
- बहुत अच्छा: 1364 ( 26 %)
- अच्छा: 2422 (46 %)
- औसत: 905 (17 %)
- असंतोषजनक: 156 (3 %)
- कोई प्रतिक्रिया नहीं: 445 (8 %)

**चिकित्सालय के बारे में पता था: 5083 (96 %)**


मनेरी


बड़कोट


पीपलकोटी


नारायणकोटी


अपनी कृतज्ञता दिखाते हुए, निम्न सामाजिक-आर्थिक एवं अन्य समुदाय ने स्वेच्छा से और खुशी-खुशी दान स्वरुप धन राशि एवं अन्य विविध वस्तुओं का दान भी दिया।

धर्मावाला


पेटशाल


हरिद्वार

अभियान के दौरान समुदाय की प्रतिक्रिया से ज्ञात हुआ कि 90 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी हमारे चिकित्सालयों में प्रदान की जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं से संतुष्ट थे।

# धर्मावाला चिकित्सालय के कुछ विभागों के नए शिखर



**87,389** पंजीकरण





लैब जांचे **85,239**

**10,858** एक्स - रे






अल्ट्रासाउंड **7,926**



**3,293** सी.टी. स्कैन



ऑपरेशन **1,115**

# मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर

## धर्मावाला एवं हरिद्वार

## सेवा यज्ञ में अपनी आहुति प्रदान करते हमारे चिकित्सक गण



डॉ विनोद गुप्ता,
आयुर्वेदिक चिकित्सक,
सहारनपुर



प्रो (डॉ) प्रशांत लावानिया,
यूरोलॉजिस्ट, आगरा



डॉ शैलेंद्र कुमार गोयल,
यूरोलॉजिस्ट, नोएडा



डॉ विकास बंसल और
डॉ देवप्रिया,
यूरोलॉजिस्ट, दिल्ली



डॉ अभय कुमार,
जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जन एवं
डॉ विजय त्यागी, एनेस्थेटिस्ट,
देहरादून



डॉ संदीप कुमार बंसल, जनरल व
लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फरीदाबाद



डॉ प्रशांत जैन,
यूरोलॉजिस्ट, दिल्ली



डॉ अनिल शर्मा,
नेत्र सर्जन, अम्बाला



डॉ नरेंद्र सिंह चौहान,
जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जन,
देहरादून



डॉ अतुल खंडेलवाल,
यूरोलॉजिस्ट, सोनीपत



डॉ राहुल चंदोला, हार्ट एंड लंग
ट्रांसप्लांट सर्जन, दिल्ली



डॉ शरद पाण्डेय,
न्यूरो सर्जन, दिल्ली

**शिविर**

**79**

**लाभार्थी**

**18,105**



डॉ नवीन अग्रोही,
हड्डी रोग विशेषज्ञ, रुड़की



डॉ विकास ढिल्लों,
ई.एन.टी. सर्जन, करनाल



प्रो (डॉ) सागर लावानिया,
मनोचिकित्सक, आगरा

# मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर

## धर्मावाला एवं हरिद्वार

## सेवा यज्ञ में अपनी आहुति प्रदान करते हमारे चिकित्सक गण



प्रो (डॉ) एस. के. बख्शी,
फिजीशियन, मुजफ्फरनगर



डॉ नकुल उपाध्याय,
त्वचा रोग विशेषज्ञ,
बुलंदशहर



डॉ यतिंदर नागयान,
त्वचा रोग विशेषज्ञ, हरिद्वार



डॉ पवन कुमार,
त्वचा रोग विशेषज्ञ,
रुड़की



डॉ नितिन कुमार,
फिजीशियन, देहरादून



डॉ राजीव कुरेले,
आयुर्वेदिक चिकित्सक, हरिद्वार



डॉ अनिल भट्ट,
नेफ्रोलॉजिस्ट, नोएडा



डॉ प्रियांक अग्रवाल,
हड्डी रोग विशेषज्ञ, मेरठ



डॉ सौरभ शिशिर अग्रवाल,
एंडोक्रिनोलॉजिस्ट, नोएडा



प्रो (डॉ.) यू.एन. गुप्ता,
फिजीशियन, आगरा



डॉ सुमित शर्मा,
न्यूरो सर्जन, नोएडा



डॉ श्रुति ओगरा,
ई.एन.टी. सर्जन, नई दिल्ली



डॉ सुनील बालियान,
पल्मोनोलॉजिस्ट, नोएडा



डॉ ओम प्रकाश मीणा
हड्डी रोग विशेषज्ञ, नई दिल्ली



डॉ आरुषि ढिल्लों,
स्त्री रोग विशेषज्ञ, करनाल

# मल्टी डिसिप्लिनरी और सुपर स्पेशियलिटी शिविर

## धर्मावाला एवं हरिद्वार

## सेवा यज्ञ में अपनी आहुति प्रदान करते हमारे चिकित्सक गण



डॉ संदीप सुपईया,
एंडोक्रिनोलॉजिस्ट, नई दिल्ली



डॉ ओम प्रकाश सिन्हा,
हृदय रोग विशेषज्ञ ,
नई दिल्ली



डॉ कृष्ण यादव,
हृदय रोग विशेषज्ञ, नोएडा



डॉ भगत सिंह,
फिजीशियन, आगरा



डॉ भीम राज गुप्ता,
नेफ्रोलॉजिस्ट, दिल्ली



डॉ मयंक अग्रवाल,
न्यूरो सर्जन, आगरा



डॉ रत्नेश गुप्ता,
फिजीशियन, दिल्ली



डॉ मुकेश झा,
न्यूरो फिजिशियन, नई दिल्ली



डॉ अजीत कुमार कुशवाहा,
ई.एन.टी. सर्जन, नई दिल्ली



डॉ महेश खेतान,
नेत्र सर्जन, देहरादून



डॉ मृगांक शेखर,
ई.एन.टी. सर्जन, नई दिल्ली



डॉ आलोक कुमार,
त्वचा रोग विशेषज्ञ, रुड़की



डॉ सुधीर सिंह,
त्वचा रोग विशेषज्ञ, आगरा



डॉ रितु खेतान,
पैथोलॉजिस्ट, देहरादून



डॉ. एस.के. जायसवाल,
न्यूरोसर्जन, आगरा

# हमारे सेवाभावी चिकित्सकों की टोली



















**हमारे चिकित्सालयों को प्रदान की गई निस्वार्थ सेवाओं के लिए सोसाइटी इन चिकित्सकों का सहृदय धन्यवाद करती है।**

# स्पेशियलिटी शिविर

## नारायणकोटी, पीपलकोटी एवं पेटशाल



डॉ एम.एम. हमीदी, जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जन और
डॉ. राहुल, एनेस्थेटिस्ट





डॉ. कपिल त्यागी,
हड्डी रोग विशेषज्ञ नोएडा

शिविर

**9**

कुल ऑपरेशन

**57**

लाभार्थी

**438**



डॉ. अजय अग्रवाल, जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जन और
डॉ. मनोरंजन पंत, एनेस्थेटिस्ट, रुद्रपुर



डॉ नीलांबर भट्ट,
फिजिशियन व मधुमेह रोग विशेषज्ञ, हल्द्वानी

## नि:शुल्क दन्त एवं नेत्र चिकित्सा शिविर

**22 एवं 23 अक्टूबर - गंगोत्री धाम**

**लाभार्थी: 148**



नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन (NMO), टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (THDC) लिमिटेड और सीमा डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, ऋषिकेश के संयुक्त सहयोग से गंगोत्री धाम चिकित्सालय में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

**22 फरवरी - पीपलकोटी**

**लाभार्थी: 122 (33 मोतियाबिंद रोगी)**





हमारे हरिद्वार चिकित्सालय के नेत्र रोग विभाग द्वारा पीपलकोटी चिकित्सालय में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

# सामुदायिक चिकित्सा शिविर

## अगम्य तक पहुँच

तमाम बाधाओं एवं कठिनाइयों को पार करके हमारी टोलियाँ दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीण तथा चिकित्सालय तक आने में असमर्थ व सामाजिक एवं आर्थिक रूप से अशक्त और वंचित वर्ग को चिकित्सा सुविधा प्रदान कर रही है।

शिविर
130

लाभार्थी
9,948



पीपलकोटी
22 मई
हरमाणी गांव

पीपलकोटी
18 मई
बड़ागांव





पीपलकोटी
13 जनवरी
लांझी, पोखणी और ह्युंदा गांव



धर्मावाला
9 सितम्बर
खाला शास्त्रीनगर
वंचित आबादी वाली बस्ती



हरिद्वार
9 जून
जगन्नाथ धाम आश्रम



हरिद्वार
19 अगस्त
तेलीवाला गांव



हरिद्वार
15 मार्च
मानु बांस गांव









पेटशाल

24 सितम्बर
अरसलपाड़ गांव

8 मार्च
डसीली गांव

नारायणकोटी

7 फरवरी
त्रिजुगीनारायण गांव

20 दिसम्बर
तुलंगा गांव

# सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम धर्मावाला

**COVID महामारी के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को कुछ महीनों के लिए रोकना पड़ा अत: यह आंकड़े सीमित महीनों के है।**

## सामुदायिक महिला स्वास्थ्य कार्यक्रम

### एनीमिया की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम

**"खून में वृद्धि, लाए जीवन में समृद्धि!"**

- कुल हिमोग्लोबिन जाँच: 1644
- कुल व्यक्ति जिनमें एनीमिया पाया गया: 1009 (61%)
  उपचार दिया गया: 880 (87%)
- उपचाराधीन लाभार्थी: 738 (84%)
  ड्राप आउट: 142 (16%)
- हीमोग्लोबिन की स्तर में बढ़ोतरी: 500 (68%)
- पूर्णत: स्वस्थ 296 (59%)

### स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम

**"कैंसर से दो कदम आगे"**

- संपर्क की गई महिलाओं की कुल संख्या: 169
- नि:शुल्क की गयी कुल स्क्रीनिंग: 147
  - स्क्रीनिंग में Pap Smear जाँच, ब्रेस्ट लाइट जाँच, मैमोग्राफी, खून जाँच (HB, मधुमेह, ब्लड ग्रुप) की गई
- जागरूकता सत्र में भाग लेने वाली महिलाओं की संख्या: 801

### My Pad (Menstrual Hygiene) कार्यक्रम:

**"मेरी पहचान खुद को जाने, खुद को पहचाने"**

- My Pad (Cloth) लाभार्थियों की संख्या: 284
- कुल वितरित reusable cloth pads: 558
- परामर्श सत्र में भाग लेने वाली महिलाओं की संख्या: 1132



IEC सामग्री और दवाओं के साथ एनीमिया के लाभार्थी



स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर का जागरूकता सत्र



माई पैड लाभार्थी



मासिक धर्म स्वच्छता परामर्श सत्र

## सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम



- कुल संपर्क किए गए लाभार्थी: 3049
- संदिग्ध मनोरोगी: 338
- प्रो. (डॉ) सागर लवानिया से परामर्श के बाद चिन्हित हुए कुल मनोरोगी: 118

प्राथमिक और जूनियर उच्च राजकीय विद्यालयों में दिसंबर, फरवरी और मार्च के दौरान 4 समूह परामर्श सत्र आयोजित किए गए।

## हमारे चिकित्सालयों में आयोजित

# समारोह एवं पर्व



स्वतंत्रता एवं गणतंत्र दिवस

1 मार्च



महाशिवरात्रि

17 मार्च



होली

28 अगस्त



श्री कृष्ण जन्माष्टमी

30 अक्टूबर



अंतराष्ट्रीय नर्स दिवस

30 अक्टूबर.



दीपावली

21 जून



अंतराष्ट्रीय योग दिवस

1 जुलाई



राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

## धर्मावाला , बड़कोट एवं हरिद्वार चिकित्सालयों का स्थापना दिवस समारोह

26 सितम्बर



बड़कोट: चौथा स्थापना दिवस

19 सितम्बर



धर्मावाला: नौवाँ स्थापना दिवस

**मंचासीन अतिथि गण (बाएं से दाएं):**

**डॉ एस के वर्मा, अध्यक्ष, SVHM सोसाइटी, श्री शशिकांत दीक्षित जी (क्षेत्रीय कार्यवाह, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ),**

**मुख्य अतिथि : परम पूजनीय स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि जी महाराज (सूरत गिरी बंगला आश्रम, हरिद्वार), डॉ आर.के. जैन (अध्यक्ष, उत्तराखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग), डॉ मनोज उप्रेती (मुख्य चिकित्सा अधिकारी, देहरादून)**

24 जनवरी



हरिद्वार: प्रथम स्थापना दिवस

24 जुलाई एवं 20 अगस्त



गुरु पूर्णिमा एवं गुरु दक्षिणा कार्यक्रम

19 फरवरी




श्री माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर जयंती

5 मार्च





श्री गुरु तेग बहादुर जी का 400वां प्रकाश पर्व


# आंकड़े




**नोट:** हमारे तीन चिकित्सालय (गंगोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ), चार धाम यात्रा के समय ही कार्यरत रहते है, इसलिए इन चिकित्सालयों के आंकड़े कार्यरत रहे दिनों / महीनों के ही हैं । डुमेट चिकित्सालय की शुरूआत 1 जनवरी से हुई । (आंकड़े 3 महीने, जनवरी से मार्च तक के है)।




**नोट:** केवल धर्मावाला और हरिद्वार चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधाएं
धर्मावाला के मोतियाबिंद ऑपरेशन के आंकड़े 8 महीने और हरिद्वार के 6 महीने के हैं

**नोट:** अल्ट्रासाउंड सुविधा केवल धर्मावाला, हरिद्वार और पीपलकोटी चिकित्सालयों में उपलब्ध है।
TIFFA (स्तर II) स्कैन केवल धर्मावाला व हरिद्वार के चिकित्सालय में उपलब्ध है।

| 2,17,841 | 15,839 | 12,898 | 12,043 | 6161 | 4205 |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण | दन्त रोगी | अल्ट्रासाउंड | नेत्र रोगी | फिजियोथेरेपी | आयुर्वेद |

# आंकड़े

| चिकित्सालय | लैब जाँच | इमरजेंसी | एक्स रे | ई सी जी | प्लास्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 85239 | 2295 | 10858 | 3670 | 537 |
| मनेरी | 747 | 15 | 309 | 10 | 41 |
| नारायणकोटी | 20046 | 792 | 3004 | 1406 | 347 |
| बड़कोट | 8337 | 124 | 3285 | 378 | 684 |
| पीपलकोटी | 8149 | 422 | 1214 | 711 | 126 |
| बद्रीनाथ (127)* | 1051 | 87 | 61 | 18 | 5 |
| पेटशाल | 9149 | 474 | 1663 | 168 | 240 |
| केदारनाथ (49)* | 502 | 1064 | 26 | 10 | 13 |
| हरिद्वार | 44315 | 766 | 4396 | 2158 | 152 |
| गंगोत्री (34)* | 249 | 125 | 40 | 0 | 36 |
| डुमेट (51)* | 71 | NA | NA | NA | NA |
| कुल | 1,77,855 | 6164 | 24,856 | 8529 | 2181 |

नोट: * उपर्युक्त आंकड़े चिकित्सालय के संचालन के दिनों की संख्या हैं

| चिकित्सालय | सर्जरी |
|---|---|
| धर्मावाला | 1115 |
| नारायणकोटी | 78 |
| बड़कोट | 258 |
| पीपलकोटी | 19 |
| बद्रीनाथ | 7 |
| पेटशाल | 60 |
| हरिद्वार | 110 |
| कुल | 1647 |

सर्जरी में शामिल हैं: सामान्य, महिला रोग , यूरो, स्पाइन, ई.एन.टी., ऑर्थो, मैक्सिलो-फेशियल और नेत्र सर्जरी

| | |
|---|---|
| कुल कोविड वैक्सीनेशन | 13309 |
| कोविशील्ड | 13090 |
| कोवैक्सिन | 219 |
| सी टी स्कैन | 3293 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 273 |
| एंडोस्कोपी | 374 |
| ईको (ECHO) | 132 |
| ऑडियोमेट्री | 97 |

नोट: उपरोक्त सुविधाएं केवल धर्मावाला चिकित्सालय में उपलब्ध हैं

| 1647 | 6164 | 24,856 | 8529 | 1,77,855 |
|---|---|---|---|---|
| ऑपरेशन | इमरजेंसी | एक्स-रे | ई सी जी | लैब जाँच |

# सोसाइटी की प्रबंधन समिति



**अध्यक्ष**

**प्रो. (डॉ) संजीव कुमार वर्मा**
मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, HIMS,
जॉली ग्रांट देहरादून

**उपाध्यक्ष**

**डॉ राकेश त्यागी**
वरिष्ठ एनेस्थेटिस्ट एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
निदेशक, सिनर्जी प्लस एवं गैलेक्सी अस्पताल, आगरा

**सचिव**

**डॉ अनुज सिंघल**
सोसाइटी के अग्रगण्य और पथजनक,
देहरादून

**संयुक्त सचिव**

**डॉ आलोक सेमवाल**
वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ एवं IMA अध्यक्ष, देहरादून

**कोषाध्यक्ष**

**डॉ कपिल त्यागी**
वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं निदेशक, यथार्थ ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स,नोएडा

**सदस्य**

- **डॉ ताराश्री सिंघल**
  वरिष्ठ सोनोलॉजिस्ट एवं सोसाइटी की सह अग्रगण्य , देहरादून
- **श्री राजीव अग्रवाल**
  सामाजिक कार्यकर्ता, देहरादून
- **प्रो. (डॉ) अनिल जुयाल**
  हड्डी रोग विशेषज्ञ, HIMS, जॉली ग्रांट, देहरादून
- **डॉ संजय शर्मा**
  वरिष्ठ गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट एवं निदेशक, सिनर्जी प्लस अस्पताल, आगरा
- **डॉ संजय गुप्ता**
  वरिष्ठ सोनोलॉजिस्ट, नई दिल्ली
- **डॉ नवीन बलूनी**
  संस्थापक, बलूनी कोचिंग क्लासेस एवं बलूनी पब्लिक स्कूल
- **डॉ पंकज भाटिया**
  वरिष्ठ क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट एवं अखिल भारतीय आरोग्य प्रमुख, वनवासी कल्याण आश्रम
- **श्री श्रीपाल सिंह राणा**
  सामाजिक कार्यकर्ता, सितारगंज

## वित्तीय विवरण

### दान

| | |
|---|---|
| व्यक्तियों द्वारा | 58361064 |
| CSR के अन्तर्गत | 119601660 |
| FCRA | 113052859 |
| चिकित्सालयों द्वारा | 72669597 |
| **कुल (रूपये)** | **36,36,85,180** |

### व्यय

| | |
|---|---|
| क. आवर्ती व्यय (Recurring Cost) | |
| वेतन | 76326022 |
| दवाईयाँ | 23097479 |
| चिकित्सीय सामान (Medical Consumables) | 5372090 |
| भोजन इत्यादि | 2213398 |
| अन्य | 31936086 |
| ख. अनावर्ती व्यय (Non Recurring Cost) | |
| भूमि | 136158344 |
| भवन निर्माण | 55405658 |
| चिकित्सीय उपकरण | 34335725 |
| अन्य सामग्री | 1162955 |
| **कुल (रूपये)** | **36,60,07,757** |

**अपर्याप्तता (Deficit) 23,22,577**

# भावी परियोजनाएं

सोसाइटी इस वर्ष यमुनोत्री और दिल्ली में नए स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने की ओर अग्रसर है।

सोसाइटी का लक्ष्य वृंदावन और उत्तरकाशी में अपने चिकित्सालयों के निर्माण का एक बड़ा भाग पूरा करना है।

धर्मावाला चिकित्सालय के नए भवन का निर्माण अंतिम चरणों में है और शीघ्र पूर्ण हो जायेगा। नवीन भवन में अतिरिक्त सुविधाओं में कैथ लैब, डायलिसिस यूनिट, नया ओ टी काम्प्लेक्स, ICU, नेत्र विभाग, विस्तारित ओ पी डी ब्लाक, नए प्राइवेट व सेमी-प्राइवेट वार्ड तथा आवासीय परिसर शामिल हैं।

ग्रेटर नोएडा में सोसाइटी अपना एक नया केंद्रीय कार्यालय स्थापित करने की राह पर अग्रसर है।

प्रभु राम की नगरी अयोध्या में समाज के वंचित एवं सामाजिक व आर्थिक रूप से अशक्त वर्गों के लिए एक मोबाइल नेत्र रोग यूनिट शुरू करने की योजना है जिसमे लाभार्थियों की निःशुल्क नेत्र जांच तथा चश्मा वितरण सम्मलित रहेगी ।

सोसाइटी द्वारा चलाये जा रहे मासिक धर्म स्वच्छता कार्यक्रम (Menstrual Hygiene) को आगे बढ़ाते हुए धर्मावाला चिकित्सालय में सेनेटरी नैपकिन बनाने की मशीन लगाने की योजना है।

सोसाइटी के पहाड़ों पर स्थित चिकित्सालयों में स्पेशलिस्ट और सुपर स्पेशलिस्ट की सेवाएं प्राप्त हो इसके लिए एक टेली कंसल्टेशन की सुविधा शुरू करने की योजना है। इसके अंतर्गत सोसाइटी के स्पेशलिस्ट और सुपर स्पेशलिस्ट से हमारे चिकित्सालय मोबाइल के द्वारा सीधे परामर्श ले सकेगें ताकि इन केंद्रों पर आने वाले रोगियों को हर प्रकार के रोगों से सम्बन्धित परामर्श व चिकित्सा प्राप्त हो सके।



पूज्य माता मंगला जी

(ग्रामीण भारत सहायता ट्रस्ट)

द हंस फाउंडेशन, एक चैरिटेबल ट्रस्ट फंड है जिसे भारत में नॉन प्रॉफिट संगठनों के हर प्रकार की सहायता एवं दान का स्रोत प्रदान करने के लिए बनाया गया है और इनके फंडों की सहायता से भारत में सैकड़ों चैरिटेबल संगठनों को वित्त पोषित किया जाता है।

2009 में स्थापित, वंचित समुदायों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार, स्वास्थ्य, शिक्षा, विकलांगता और आजीविका के क्षेत्रों में विकास कार्यक्रमों के लिए कार्य कर रहा है और साथ ही कई गैर-लाभकारी संगठनों को धन भी प्रदान कर रहा है। पिछले दस वर्षों में हंस फाउंडेशन ने अब तक 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 400 से अधिक गैर सरकारी संगठनों को वित्त पोषित किया है, जिससे देश में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एक करोड़ से अधिक गरीबों को लाभ हुआ है।



पूज्य भोले जी महाराज

SVHM सोसाइटी के "नर सेवा नारायण सेवा" के मंत्र को हंस फाउंडेशन के उदार समर्थन के बिना यथार्थ नहीं किया जा सकता था, जिसने आर्थिक सहायता देने के अलावा, हमारी सोसाइटी को आवश्यक उपकरण और अन्य स्रोत भी उपलब्ध कराए है।

# हमारे सहयोगी संगठन

- माइक्रोटेक इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली।
- सेवा इंटरनेशनल।
- श्री जगन्नाथ प्रसाद गणेशी लाल बजाज चैरिटेबल ट्रस्ट समिति, वृंदावन, मथुरा।
- बिमल सरोज चैरिटेबल सोसाइटी, दिल्ली।
- ई-सिटी डिजिटल सिनेमाज/रियल एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई।
- सनसिटी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली।
- लखी ट्रस्ट, मुंबई।
- बागड़ीस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली।
- सेठ मुरलीधर मानसिंहका चैरिटी ट्रस्ट, दिल्ली।
- पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, आगरा।
- जे.के. संस्था, कानपुर।
- ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन, मुंबई।
- इंडो ऑटोटेक, फरीदाबाद।
- शुभम गोल्डी मसाला प्राइवेट लिमिटेड, कानपुर।
- सीकर्स ट्रस्ट, विकासनगर, उत्तराखंड।
- यूके ऑनलाइन गिविंग फाउंडेशन - बेनेविटी, इंग्लैंड।
- सायनो फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड, दिल्ली।

SVHM सोसाइटी सभी दान दाताओं और सहयोगी संगठनों के अटूट समर्थन और सहायता के लिए अत्यधिक ऋणी है। उपरोक्त सूची उन्हें सम्मान और सराहना देने के लिए हमारा एक नेक प्रयास है, हालाँकि स्थान के अभाव के कारण सभी का नाम देना संभव नहीं था पर सोसाइटी उनके प्रति भी हार्दिक कृतज्ञता और आभार प्रकट करती है।

"आपका विश्वास हमारे सेवा की नींव है"

# सोसाइटी के गौरव

## 6 से 301 तक के परिवार की सेवा यात्रा



धर्मावाला



मनेरी



नारायणकोटी




बड़कोट



पीपलकोटी

# सोसाइटी के गौरव

## और आगे की राह पर निरन्तर अग्रसर...



श्री बद्रीनाथ धाम



पेटशाल




श्री केदारनाथ धाम



हरिद्वार




गंगोत्री धाम



डुमेट

नर सेवा

नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

For **Domestic Donations**

**Account details:**

**Swami Vivekanand Health Mission Society**
**A/C No: 32584491256**
**IFSC Code: SBIN0010626**
**Branch Name: CST Herbertpur, Dehradun**



आपका अमूल्य दान एक वरदान

Contact us :

svhmuk@gmail.com

Visit us :

svhmuk.in
twitter.com/svhmuk/
facebook.com/svhmu/
instagram.com/svhmuk/

सभी दान आयकर अधिनियम, *1961* की धारा *80G* के तहत कर-मुक्त हैं।



धर्मावाला, देहरादून


मनेरी, गंगोत्री मार्ग


नारायणकोटी, केदारनाथ मार्ग


बड़कोट, यमुनोत्री मार्ग


पीपलकोटी, बद्रीनाथ मार्ग


श्री बद्रीनाथ धाम, चमोली


पेटशाल, जागेश्वर धाम मार्ग


श्री केदारनाथ धाम, रुद्रप्रयाग


हरिद्वार


गंगोत्री धाम, उत्तरकाशी


साधना केंद्र आश्रम, डुमेट, देहरादून

"जो संघर्ष करता है वह उससे बेहतर है जो कभी प्रयास नहीं करता।"
- स्वामी विवेकानन्द